१२. — — — — — — — — — — — — —भिः पूर्वराज—
कृतप्रसादा

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

१३. — — — — — — — — — — — — — दूतकश्च महासर्वा

१४. — — — यकविक्र [मसेनः] संवत् ३०४ ज्येष्ठशुक्लदशम्याम् ।

कैलासकूट भवन से सबका कल्याण हो। भगवत् पशुपति भट्टारक की चरण-कृपा से अनुगृहीत, बप्पा के चरणों का ध्यान करने वाले, महासामन्त श्री अंशुवर्मा कुशलतापूर्वक पास आये हुए बुगायूमी ग्राम निवासी कुटुम्बियों से यथा प्रधान कुशलता पूछकर यह विज्ञप्ति प्रकाशित करते हैं कि, "आप सबको ज्ञात हो कि हमें आप से प्रसन्नता है कि आपने कुक्कुट, सूअर, मृगशावक एवं मछलियों का सावधानी पूर्वक पालन-पोषण किया है।

इस तुम्हारे क्षेत्र में भट्टाधिकरण (सेनाविभाग) के अधिकारियों को प्रवेश-निषेध का आदेश दिया है। यह जानते हुए आपके द्वारा भी यह आदेश पालनीय है। धर्म सङ्कर के सम्बन्ध में यदि कोई अपने वर्ण से सम्बन्धित व्यवसायिक कार्य को परिवर्तित करना चाहता है तो शाही सदन ही न्याय करेगा। यह जानकर जो हमारा चरण-प्रसादोपजीवी इस आज्ञा का उल्लङ्घन करेगा उसको निश्चित रूप से मर्यादानुसार बहुत दण्ड दिया जायेगा। पूर्ववर्ती राजाओं के द्वारा मर्यादित इस आज्ञा का पालन होना चाहिये। यहाँ दूतक है महासर्वदण्डनायक विक्रमसेन। संवत् ३४ ज्येष्ठ शुक्ल दशमी।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

XL

जयशीदेवलक्षेत्रमर्यादा शिलालेख

संवत् ५३५ (५३५+७८=६१३ ई०)

३८ सैं० मी० चौड़ा शिलालेख ज्यबहाल, काठमाण्डू के पूर्व में जैशी देवल नामक स्थान के पूर्व में स्थित एक घर के सामने विद्यमान है। शिला का ऊपरी भाग खण्डित होकर लुप्त प्राय हो चुका है।

१. — — — — — — — — देव— — — — — — — — — — —

२. — — — — — — — — — — ण[1] पुण्यो — — — — — — — —

३. — — — — — — — — — — यं वः[2] प्रसादीकृ [तः] — — — —

४. — — — — — — — नुज्ञः फृथूल् क्षेत्रं पूर्व[3] — — — — — — —

५. — — — मङ्गलस्य क्षेत्रम् ततो भरतश्रा[4] (श्च) — — — — — —

६. — — — — तुलक्षेत्रं ततस्तेग्वल् प्रा — — — — — — — —

७. — — — — आदित्यगुप्तस्य क्षेत्रं पूर्वद — — — — — —

८. — — — ट्टाक्षेत्रं ततस्तेग्वल् नारायणे[5] — — — — — — —

---

१. Bh. omits ण

२. Bh. reads रायावः

३. Bh reads ज्ञः प्रथूक् क्षेत्रम् पूर्व

४. Bh. reads भरतश्च

५. Bh. reads यगा

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

९. . स् तेग्वल प्रदीपगौष्ठिकानां तस्या भूमेर्दक्षिण — — — — — — — — — — — — — — — — — —
१०. . — . दक्षिणराजकुलस्य दक्षिणपश्चिमेन — — — —
११. — पञ्चालिकानाम् पश्चिमेन पर्वत — — — — — — — —
१२. — — पश्चिमोत्तरेण पर्वतभूमिर्दक्षिण[६]
१३. — — — परिक्षिप्तेयम् भूमिरित्यवगम्य न कैश्चिदस्मद—
१४. पादोपजीविभिरयम् प्रसादोऽन्यथा करणीयो य [स्त्वे]
१५. ता] माज्ञाम् अनाहृत्यान्यथा कुर्यात् कारयेद्द वा तामहम् उत्पथ- [गा—
१६. मिनम् नियतमनुशासितास्मि भविष्यद्भिरपि भूप[तिभि[७]र्गु]—
१७. रुकृतप्रसादानुर्वात्तिभिरेव भवितव्यं इति दूतक [श्चा[८]]—
१८. त्र राजपुत्र विक्रमसेनः सम्बत् ५०० ३०५ श्रा[वण]—
१९. शुक्लदिवा सप्तम्याम् ॥

— — देव — —पुण्य — — — जिसके प्रति कृपा की है — — — फृथूल् (पृथल् D. R. Regmi) क्षेत्र के पूर्व — — —मङ्गल का क्षेत्र तत्पश्चात् भरतश्रा और तुलक्षेत्र तत्पश्चात् तेग्वल् — — —आदित्य गुप्त के क्षेत्र के पूर्व-दक्षिण में — — — ट्टा क्षेत्र तत्पश्चात् तेग्वल् नारायण में — — — तेग्वल् प्रदीप-गोष्ठिकाओं की, उसकी भूमि के दक्षिण — — — —दक्षिण राजकुल का, दक्षिण-पश्चिम से — — — — — — पाञ्चालिकों का पश्चिम से पर्वत — — — — — — — पश्चिमोत्तर से पर्वत-भूमि के दक्षिण — — — — — —यह भूमि-परिक्षिप्त (परती भूमि) है इस प्रकार जानकर, हमारे किसी भी चरणो-पजीवी के द्वारा इस आज्ञा की अवज्ञा नहीं होनी चाहिये। जो इस आज्ञा का अनादर करेगा या करायेगा मैं उस कुमार्गगामी को निश्चय ही नियमानुसार शासित करूँगा। इस आज्ञा का पालन आगे होने वाले राजाओं एवं गुरुओं के कृपा पात्रों द्वारा होना चाहिये। यहाँ पर दूतक हैं राजपुत्र विक्रमसेन। संवत् ५३५ श्रावण शुक्ल दिवा सप्तमी।

---

६. Bh. omits (r) (भूमिदक्षिण)
७. Bh. भूपति [भि] — — कृत।
८ Bh. दूत [को]ऽत्र।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

PLATE XLI

Inscription XL.

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

XLI

गणेशमन्दिर सूरभोगेश्वर दक्षिणेश्वर स्थापना शिलालेख

संवत् ३९ (३९+५८८=६२७ ई०)

३४ सैं० मी० चौड़ा यह शिलालेख पशुपति मन्दिर से थोड़ी दूर एक लघुकाय गणेशमन्दिर के निकट स्थित है। शिला का ऊपरी भाग एक बैल की आकृति से सुसज्जित है।

१. ओ३म् स्वस्ति कैलाशकूटभवनाद् अनिशिनिशि चानेकशा—
२. स्त्रार्थविमर्शावसादितासद्दर्शनतयाधर्माधिका[१]—

---

१. (क) Aṁśu verma had attained a high military figure and literary glory —— As a literary figure Chinese Pilgrim opines that he had written a book on etymology. The great grammarian Chandra Varman, a scholar of Nalanda University was patronised by him. He tried to banish illiteracy and Sanskrit language flourished during his time."
A Short History of Nepal, p. 27

(ख) He was also a man of high literary talents. In one inscription he is addressed as 'अनेकशास्त्रार्थविमर्शावसादितासद्दर्शनतया'—He seems to have composed a book on etymology, the work which is now lost but which has been referred to in high terms of appreciation by the Chanese pilgrim. Aṁśuvarman had a concourse of scholars around him including that great grammarian Chandra Varman who had made a name in the Nalanda University as a talented scholar."
—*Ancient India*—Regmi D. R , p. 144

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

३. रस्थितिकारणम् एवोत्सवं अनतिशयं मन्यमा-
४. नो भगवत् पशुपति [भट्टार]क पादानुगृहीतो बप्प-
५. पादानुध्यातः अंशुवर्मा कुशली पश्चिमाधिक-
६. [रण] वृत्तिभुजो वर्त्तमानान् भविष्यतश्च यथार्ह-
७. ङ्कुशलमाभाष्य समाज्ञापयति विदितं भव-
८. तु भवतां पशुपतौ भगवाञ्छूरभोगेश्वरोऽस्मद्भ[गि]-
९. न्या श्री भोगवर्मा जनन्या भोगदेव्या स्वभर्त्तूरा-
१०. जपुत्र [सू] रसेनस्य पुण्योपचयाय प्रतिष्ठापितो
११. यश्च तद्दुहित्रास्मद्भागिनेय्या भाग्यदेव्या प्रतिष्ठा-
१२. पितो लडितमहेश्वरो यश्चैतत्पूर्वजैः प्रतिष्ठापि—
१३. तो दक्षिणेश्वरस्तेषाम् अधः शालापाञ्चालिकेभ्यः प्रतिपा-
१४. लनायातिसृष्टानामस्माभिः पश्चिमाधिकरणस्याप्र-
१५. वेशेन प्रसादः कृतो यदा च पाञ्चालिकानां यत् किञ्चन-
१६. कार्यमेतद्गतं उत्पत्स्यते यथाकालं वा नियमितं व
१७. स्तु परिहापयिष्यन्ति तदा स्वयं एव राजभिरन्तरा-
१८. सनेन विचारः करणीयो यस्त्वेताम् आज्ञामतिक्रम्यान्यथा
१९. प्रवर्तिष्यते तं वयं न मर्षयिष्यामो भाविभिरपि भूप-
२०. तिभिर्धर्मगुरुतया पूर्वराजकृतप्रसादानुवर्तिभि-
२१. रेव भवितव्यमिति स्वयमाज्ञा दूतकश्चात्र युवरा-
२२. जोदयदेवः संवत् ३०९ बैशाखशुक्ल दिवा दशम्याम् ।

ओ३म् कैलासकूट भवन से सबका कल्याण हो । रातदिन अनेक शास्त्रार्थों का विमर्श करने से प्राप्त सत् दर्शन (उचित मार्गदर्शन) से धर्माधिकार-स्थिति बनाकर और इतने पर भी उसे बहुत थोड़ा मानने वाला भगवत् पशुपति भट्टारक की चरण-कृपा प्राप्त, बप्प के चरणों का ध्यान करने वाले श्री अंशुवर्मा कुशलतापूर्वक वर्त्तमान तथा भविष्य में पश्चिमाधिकरण से वृत्ति-भोग करने वाले कर्मचारियों से कुशलता पूछकर विज्ञापित करते हैं कि—"आप सबको विदित हो जैसे कि हमारी बहिन और भोगवर्मा की माता भोगदेवी ने अपने पति राजपुत्र सूरसेन की पुण्यप्राप्ति के लिये पशुपति-लिङ्ग के रूप में भगवान सूरभोगेश्वर की स्थापना की है उसकी पुत्री और हमारी भान्जी भाग्यदेवी ने लडितमहेश्वर की और उनके पूर्वजों ने दक्षिणे-श्वर की स्थापना की है। उनके रक्षण के लिये हमने "अधशाला पाञ्चालिकों

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

Inscription XLI.

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

को नियुक्त किया है। उनके अधिकार-क्षेत्र में पश्चिमाधिकरण के अधिकारियों के प्रवेश को हमने निषिद्ध करके कृपा की है।

तीनों लिङ्गों (सूरभोगेश्वर, लडितमहेश्वर, दक्षिणेश्वर) के सम्बन्ध में यदि पाञ्चालिकों का कोई कार्य हो तो समयानुसार वैसा ही वस्तुनियम बना लिया जायेगा। पाञ्चालिकों के द्वारा अपने कर्त्तव्यों की उपेक्षा करने पर राजा स्वयं अपनी अन्तरात्मा अथवा (अन्तरासन) अन्तरङ्ग समिति के द्वारा विचार करेगा। जो इस आज्ञा का अतिक्रमण करेगा। उसे हम सहन नहीं करेंगे। भावी राजाओं, धर्मगुरुओं और राजाओं के कृपापात्रों द्वारा भी इसे माना जाना चाहिये। यह मेरी स्वयं अपनी आज्ञा है। यहाँ सन्देशवाहक (दूतक) है युवराज दयादेव। संवत् ३६ बैशाख शुक्ल दशवीं।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

XLII

भन्साहिटि प्रवेश निषेधाज्ञा शिलालेख

संवत् ३९ (सन् ३९+५८८=६२७ ई०)

लगभग ४६ सैं. मी. चौड़ा शिलालेख काठमण्डू में भन्साहिटि नामक जलप्रवाहिका के निकट स्थित है। इसका ऊपरी भाग बैल की आकृति से सुसज्जित है।

१. ओ३म् स्वस्ति कैलासकूटभवनात् अनन्यनरपति सुकरानाति[स]-
२. रपुण्याधिकारस्थितिनिबन्धनोन्नीयमानमनस्समाधानो[भ]-
३. गवत्पशुपतिभट्टारकपादानुगृहीतो बप्पपादानुध्यातः
४. श्रीमहासामन्तांशुवर्मा कुशली जोञ्जोन्दिङ्ग्रामनिवासिनः प्रधा-
५. नपुरस्सरान् कुटुम्बिनः कुशलमाभाष्य समाज्ञापयति विदि-
६ तं भवतु भवतां नीलीशालाप्रणालीकर्मपरितोषितैरस्माभिः
७. लिग्वलषण्ढाश्विकवाहिकागन्त्रीबलीवर्दानामप्रवेशेन वः प्र [सा]—
८. दः कृतस्तदेवम् अधिगतार्थैर्न कैश्चिदेष प्रसादोऽन्यथा कर-
९. णीयो यस्त्वेतामाज्ञाम् विलङ्घ्यान्यथा कुर्यात् कारयेद् वा तं वयं न
१०. मर्षयिष्यामो भविष्यद्भिरपि[भूपतिभि पू]—
र्व्वराजकृतप्र—
११. सादानुवर्त्तिभि[रेव भवितव्यम् चिरस्थितये चास्य प्र] सादस्य
१२. शिलापट्टकशासने [न प्रसादः कृत इति स्वयमाज्ञा दू] तकश्चात्र
१३. युवराजो दयादेवः [संवत्] — — — — — — — अष्टा-
भ्याम्।

ओ३म् सबका कल्याण हो कैलाशकूटभवन से। राजाओं की अत्यन्त अस्थिर पुण्याधिकार को स्थिर बनाकर उन्नत मन से समाधान करने वाला, भगवत् पशुपति भट्टारक की चरण-कृपा-पात्र, बप्पा के चरणों का ध्यान

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

करने वाला श्री महासामन्त अंशुवर्मा कुशलतापूर्वक जोञ्जोन्दिन ग्राम निवासियों, प्रधानमुख्य कुटुम्बियों से कुशल पूछकर यह सूचित करते हैं कि "आप सबको विदित हो कि हम नीलीशाला नहर (प्रणाली) के सम्बन्ध में आपके द्वारा किये गये कार्य से सन्तुष्ट हैं। हमने लिंग्वल अधिकरण के बोझा ढोने वाले अश्वों, भटकते हुए सांडों, घोड़ा एवं बैलगाडियों के प्रवेश को निषिद्ध घोषित करके कृपा की है। शाही कर्मचारियों के द्वारा इस आज्ञा का अतिक्रमण नहीं किया जाना चाहिये। जो इस आज्ञा का उल्लङ्घन करेगा या करायेगा उसको हम सहन नहीं करेंगे। भावी राजाओं, वंशानुक्रमागत राजकीय कृपापात्रों के द्वारा भी इसका पालन होना चाहिये।

इस आदेश की चिरस्थिति के लिये शासन ने शिलापट्टक पर लिखवाकर कृपा की है। यह हमारी स्वयं आज्ञा है। और यहाँ दूतक है युवराज दयादेव। संवत् — — अष्टमी।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

XLIII

मृत्युञ्जयशालाप्रणालीशिलालेख

संवत् ३२ (३२+५८८)=६२० ई०

४२ सैं. मी. चौड़ा यह शिलालेख वोतुथोले, काठमाण्डू में गुंगुच नामक खुले चबूतरे पर स्थित मृत्युञ्जय देवता की मूर्ति के पृष्ठ भाग पर उत्कीर्णित है।

१. [ओ३म् स्वस्तिश्कैलासकूटभवनात्] — — — — — — — — — — — —

२. — — [दि]ङ् मण्ड[लो] भगवत्पशुपति भट्टारक पादा[नुध्यातो]

३. [बप्प पा] दपरिगृहीतः श्री महासामन्तांशुवर्मा कु[शली] — — — —

४. —[पा]ञ्चालिकान्यथाप्रधानङ्कुशलभाभाष्य समाज्ञापयति

५. — — शालाप्रणालीकर्म (प)रितोषितैरस्माभिः — — — —

६. — — — ल — म् — ब्रंशामल्लपोतसूकरकरान् — — — — —

७. — — — — — चाक — — डम् मुक्त्वा पञ्चापराधेनास्य — — —

८. — — — — — — — ण्डनि — — ण्डानि तथैव कर्तु. इ — — —

९. — — — — — — — — क — — — म् बहिर् अनति-वाह्यवि — — — —

१०. [वः] क्ष [तंस्तदे] वं वेदिभि[रस्म] त्पादप्रतिवद्धजीवनैर[न्यैर्वा न]

११. [कैश्चि]द् अ[यम् प्र] सादोऽन्यथा [करणीयो] यस्त्वेताम् आज्ञा-मुल्लङ्घ्या[न्यथा]

१२. [कु]र्यात् कारये [द् वा] — — — — — — — नियतम् पुष्कला मा-

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

१३. — — — — — —भविष्य [द्भिरपि भूप] तिभिर्गुरुकृत प्रासानुब—

१४ [र्त्तिभिरे] व [भ] वितव्यं इति स्वयमाज्ञा दूतकश्चात्र यु[वराज] — —

१५. — — — — — — — — — — — — आषाढ़शुक्लदिवा पञ्चम्याम् ।

कैलाशकूट भवन से सबका कल्याण हो। दिङ्मण्डल में व्याप्त भगवत् पशुपति भट्टारक के चरणों का ध्यान करने वाले, बप्प की चरण-कृपा प्राप्त श्रीमहासामन्त अंशुवर्मा कुशलतापूर्वक सूचिन करते हैं कि नीलीशाला प्रणाली (नहर) के सम्बन्ध में आपके द्वारा किये गये कार्य से हम सन्तुष्ट हैं। हम मछली, पहिलवान, पशुशावक, सूअर आदि पर लगाए हुए करों से आपको मुक्त करके — — — पञ्चापराध के द्वारा — मिट्टी के पात्र पूर्ववत् ही वेचे जायेंगे — — —वैसा ही करने और वहुत अधिक बाहर भी — — —हमने कृपा की है। तो इस प्रकार जानने वालों के द्वारा हमारे चरणोपजीवियों अथवा अन्य किन्हीं के द्वारा इस आज्ञा का उल्लङ्घन नहीं होना चाहिये। जो इस आज्ञा का अतिक्रमण करेगा या करायेगा, निश्चय ही उसे मेरे द्वारा पर्याप्त दण्ड दिया जायेगा। भावी राजाओं के द्वारा भी, गुरुओं के कृपापात्रों के द्वारा इस आज्ञा का पालन होना चाहिये। यह मेरी अपनी आज्ञा है। यहाँ दूतक है — युवराज (उदयदेव) — — — आषाढ़ शुक्ल पञ्चमी।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

XLIV

लच्छीटोले ग्रामसीमा शिलालेख

सन् लगभग ६२० ई०

यह ४३ सें. मी. चौड़ा शिलालेख लच्छी टोले कीसिपिडी नामक स्थान पर स्थित है। शिला के ऊपरी भाग पर एक बैल की ग्राकृति है।

१. [स्व] स्ति — — — — — — — — — द — — — — — — — — — — — — — — — —

२. इयानुग्राह्याभिरा[धन] — — —भगवत्पशुपतिभट्टारकपादानुगृही]—

३. तो बप्पपादानुध्यातः [श्रयं] शुवर्मा कुशली मिग — — —प्रतिवद्धचिचित — —[1]

४. —[2] निवासिनः कुटुम्बि[नो यथा] प्रधाङ् (*n*) कुशलमाभाष्य समाज्ञापयति

५. विदि[तम् भवतु भ]वताम् या— —युष्मद्ग्रामसीमा — — — द — —

६. अस्माभिर्युष्मद्ग्रामेऽत्र प्र[साद] — — — म — — — — — — तदेवम् वेदिभिर [स्म]—

७. त्पादोपजीविभिरन्यैर्वा न कैश्चिदयम् प्रासादोऽ[न्यथा] कर[णी]यो [य] स्त्वेतामा—

८. ज्ञामुल्लङ्घ्[यान्यथाकु]र्यात् कारयेत् वा मर्षयितव्यो भविष्यद्भिरपि भूप—

९. तिभिः पूर्व[रा]जकृतप्रसादानुवर्त्तिभिरेव भाव्यञ्चि[र] स्थि [तये] चास्य [प्र]—

१०. सादस्य शि[लापट्टकशासनमिदं दत्त मि[ति स्व]यं श्रा [ज्ञा दू]—

११. तकश्चा [त्र युवरा]ज श्री — — — — — — — — — — — — — — —

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

कैलाशकूट भवन से सबका कल्याण हो। ग्राह्य एवं आराध्य — — — भगवत् पशुपति भट्टारक की चरण-कृपा-पात्र, बप्पा के चरणों का ध्यान करने वाले श्री अंशुवर्मा कुशलतापूर्वक चिचितग्राम निवासियों, कुटुम्बियों से यथायोग्य कुशलता पूछकर आज्ञा प्रदान करते हैं कि "आप सबको विदित हो कि—जहाँ तक आपके गाँव की सीमा है — — — आपके इस ग्राम में हमारे द्वारा कृपा की गई है। — — — —इस प्रकार जानने वालों के द्वारा, हमारे चरणोपजीवियों के द्वारा अथवा किन्हीं अन्यों के द्वारा इस आज्ञा का उल्लङ्घन नहीं होना चाहिये। जो इस आज्ञा का अतिक्रमण करेगा या करायेगा वह मार दिया जायेगा। भावी भूपतियों के द्वारा, परम्परागत राजकीय कृपापात्रों के द्वारा भी इसका पालन होना चाहिये। इस राजाज्ञा की चिरस्थिति के लिये यह शिलापट्टक शासन प्रदान किया गया है। यहाँ दूतक है युवराज — — —

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

XLV

मंगल बाजार पाटन शिलालेख

यह १६० सैं. मी. चौड़ा शिलालेख एक चबूतरे पर उत्कीर्णित है। दो हिरणों के मध्य बैठे हुए तथा दो व्यक्तियों द्वारा अर्चित भगवान बुद्ध का चित्र भी अङ्कित है। यह अभिलेख लिपि एवं भाषा-शैली की दृष्टि से श्री अंशुवर्मा कालीन प्रतीत होता है।

१. त्वोत्रऽङ्गाय — ऊ —

१a. अ — आनादिनिधनान् —

२. योः पूजार्थं आश्वयुजाक — — — — — — — — — — — — — — — — —

२a. —तुष — —रप दप दम्पनिमित्त

३. — डिचिचदि — दे —

३a. —

भिध — — रक्षेत्रवसा

४. —

४a. —ति — — भोज —

५. — ना —

५a. — क्षितस्य

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

६. —

६a. —तः

७. — कूप— —

७a. —त्वाखाद्यतो

८. — भि —

८a. —श — ज — श्र

९. — दशमानिका —

९a. —तोमानेभ्या—

१०. — हारस्य— —

१०a. — — — — — — — — — पदेश — — — — — — — — — — — — — — — — — — —मु-

११. — — ईखूम्प्रदेशे क्षेत्र - - - - - - - - - - - - - - - - -

११a. -

अधिक खण्डित होने की वजह से हिन्दी अनुवाद असम्भव है ।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

XLVI

बंकाली पुण्यवृद्धि शिलालेख

सन् लगभग ६२१

यह शिलालेख बंकाली के जंगलों में एक प्राकृतिक झरने के निकट स्थित है। अभिलिखित भाग लगभग ५८ सैं० मी० चौड़ा है।

१. = = = ⏑ = ⏑ = ⏑ ⏑ ⏑ = **प्रासादपिण्डम्**[1] **स्थलं सद्भिरस्यामृतवर्मणा** ⏑ ⏑ **प** = = = **शिलापट्टकः ।**

२. **[भर्त्तुः पुण्य] विवृद्धये भवगतिक्लेशक्षयायात्मनः भार्य्या श्रीकलहाभिमानिनृपतेर्लब्ध्वा प्रसादोदय[म्] ॥**

श्री कलहाभिमानी राजा अंशुवर्मा के प्रफुल्लित प्रसाद (कृपा, प्रसन्नता, आज्ञा)को ग्रहण करके भार्या ने अपने पति की पुण्यवृद्धि के लिये, सांसारिक मुक्ति के लिये तथा संतान के क्लेशों के विनाश के लिये प्रासादपिण्ड नामक स्थान पर पहुंचकर अमृतवर्मा के द्वारा शिलापट्टक लिखवाया।

---

१. शार्दूलवि०

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

XLVII

बहिलिटोले पाटन शिलालेख

लगभग ३० सैं० मी० चौड़ा शिलालेख बहिली टोले पाटन में एक प्राचीन नहर के ऊपर दीवार में उत्कीर्णित है। लिपि एवं भाषा शैली की दृष्टि से यह अभिलेख श्री अंशुवर्माकालीन प्रतीत होता है।

१. **मुङ्गदिशाकाम्बरभ — न — — — — — —**
२. **एताम् स्थितिम् यो विगणय्याति — — — — — —**
३. **सङ्गिकं इव विलीनचं — — — — — — — —**

मुङ्गदिशाकाम्बरभ — न — — —
इस स्थिति को जो मानता है — — सङ्ग के सदस्य के समान विलीन
— — —

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

XLVIII

पानीपुखारी-प्रणाली-निर्माण-शिलालेख

संवत् ४५ (४५+५८८=६३३)

यह शिलालेख पानीपुखारी टैंक के निकट, काठमाण्डू से आने वाली सड़क के ऊपर एक प्रस्तर-ढक्कन के रूप में स्थित है।

१. **संवत् ४०५ (?) ज्येष्ठशुक्ल — — —**
२. **श्र्यंशुवर्म्म प्रसादेन[१] पितुः पुण्यविवृद्धये (।)**
३. **कारिता सत्प्रणालीयम् वार्त्तेन विभुवर्म्मणा (॥)**

संवत् ४५ ज्येष्ठ शुक्ल — — —श्री अंशुवर्मा की कृपा-प्राप्त वार्त विभुवर्मा ने पिता की पुण्यवृद्धि के लिये जल-नहर का निर्माण कराया।

---

१. श्लोक

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

XLIX

ठीमी शिलालेख

यह शिलालेख कठमाण्डू और भादगाँव के मध्य ठीमी नामक ग्राम में स्थित है। भाषा शैली एवं लिपि की दृष्टि से यह शिलालेख अंशुवर्मा कालीन प्रतीत होता है।

१. यना — —
२. म् अशेषनै — —
३. गुरोर्वासुदेवस्य
४. र्थे भूयादित्यस्मा[भि]
५. रणानुस्मरणभि—
६. द्धिः सर्वैरनुसमम्[1] . ई
७. स्तावदाकृष्टव्योऽयम्
८. वासौ न सम्पन्नातिक
९. — — धान्यमानि
१०. द्धिरपि
११. प [स्व] यमाज्ञा
दू [तकश्चा]त्र देवप – –

हम सब गुरु वासुदेव की कृपा से धन-सम्पत्ति में पूर्ण रूप से समृद्ध हुए हैं। तब तक इस वासुदेव के वास-स्थान पर किसानों के द्वारा भी कृषि नहीं की जानी चाहिये। यह हमारी स्वयं की आज्ञा है। यहाँ संदेशवाहक हैं देवप — — —।

१. L. gives स च रङ्गसमंस (मे) ॥

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

L

छिन्नमस्तिका-तिलम संस्कार-शिलालेख

संवत् ४८ (४८+५८८=६३६ ई०)

लगभग ४५ सैं० मी० चौड़ा शिलालेख छिन्नमस्तिका देवी के निकट पाटन के तौभा महल्ल नामक स्थान पर स्थित है।

१. ओ३म् स्वस्ति —
भट्टारकमहाराज–

२ [1]श्री ध्रुवदेव पुरस्सरः ⏑̲ = ⏑ = = ⏑ ⏑ = ⏑ = = प्रजाहितैषी निरवद्य वृत्तः (।)

३. पुण्यान्वयादागतराज्यसम्पत् समस्तपौराश्रितशासनोयम् (।।) स कैलासकूट भ –

४. वनात् भगवत्पशुपतिभट्टारकपादानुगृहीतो बप्पपादानुध्यातः श्रीजिष्णुगुप्तः

५. [कु]शली थम्बूगाङ्गुल्मूलवाटिकाग्रामेषु निवासम् उपगतान् कुटुम्बिनः कुशलं

६. आभाष्य समाज्ञापयति विदितमस्तु भवतां भट्टारकमहाराजाधिराज श्र्यंशु–

७. वर्मपादैर्युष्मदीयग्रामाणामुपकाराय योऽसौ तिलमक आनीतोऽभूत् प्र—

८. तिसंस्काराभावाद् विनष्टमुद्वीक्ष्य सामन्तचन्द्रवर्मं विज्ञप्तैरस्माभि-स्तस्यै —

---

१. उपजाति

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

९. व प्रसादीकृतस्तेन चास्मदनुज्ञातेन युष्मद् ग्रामाणामेवोपकाराय प्र—
१०. ति संस्कृतोऽस्य चोपकारस्य पारम्पर्याविच्छेदेन चिरतरकालोद्वहना—
११. य युष्माकं दाटिकापि प्रसादीकृतास्तदेताभ्यो यथाकालं पिण्ड-
१२. कमुपसंहृत्य भवद्भिरेव तिलमकप्रतिसंस्कारः करणीय एतद्ग्राम
१३. त्रयव्यतिरेकेण चान्यग्रामनिवासिनान्न केषाञ्चिन्नेतुम् लभ्यतेऽस्य च
१४. प्रसादस्य चिरस्थितये शिलापट्टकशासनम् इदम् दत्तमेवम् वेदिभिर्न
१५ कैश्चिदयम् प्रसादोऽन्यथा करणीयो यस्त्वेतामाज्ञामतिक्रम्यान्यथा तिलम—
१६ [का]न्नयेत् तस्यावश्यम् दण्डः पातयितव्योभविष्यद्भिरपि भूपतिभिः पूर्वरा
१७. जकृतप्रसादानुवर्तिभिरेव भवितव्यमिति अपि चात्र वाटिकाना-मुद्देशः]
१८. [थ]म्बूग्रामस्य दक्षिणोद्देशे पूर्वेणाराममू विम्र म २ तिलमकस्य पश्चिमप्रदेशे मा
१९. —[दे] वकुलं पूर्वेण मा ४ मूलवाटिकाग्रामस्योत्तरतः अशिङ्कोप्रदेशे मा ८
२०. — — —प्रदेशे मा १ माङ्शुल् ग्रामं पश्चिमेन कडम्प्रिङ् मा कङ्कुलमू प्रदेशे
२१. मा ४ स्वयमाज्ञा संवत् ४०८ कार्तिक शुक्ल २ दूतको युवराज श्री विष्णुगुप्तः ।

ओ३म् सबका कल्याण हो। ... ... भट्टारक महाराज श्री ध्रुवदेव सबके सम्मुख स्पष्ट रूप से प्रजाहितैषी एवं निर्मल चरित्र वाले हैं। सर्वगुणसम्पन्न परिवार से परम्परागत रूप से प्राप्त राज्य श्री का उपभोग करने वाले हैं, समस्त प्रजा उसके प्रशासन की प्रशंसा करने वाली है।

कैलासकूट भवन से भगवत् पशुपति भट्टारक की चरणकृपा प्राप्त, बप्प के चरणों का ध्यान करने वाले श्री जिष्णुगुप्त कुशलतापूर्वक, थम्बू, गाङ्शुल् तथा मूलवाटिका ग्रामों में जाकर बसने वाले परिवारों से कुशलता-पूर्वक आज्ञा देते है कि "आप सबको विदित हो जैसे कि भट्टारक महाराजा-धिराज श्री अंशुवर्मा के चरणों की कृपा के द्वारा, सामन्त चन्द्रवर्मा के द्वारा अवगत कराया जाता है कि जीर्णोद्धार के अभाव के कारण जो नहर नष्ट हो गई थी उसे देखकर आपके ग्रामों की भलाई के लिये उसका जीर्णोद्धार

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

किया गया है । इस उपकार का दीर्घकाल तक उपयोग के लिये हमारे द्वारा आपको वाटिका भी प्रदान की जाती है ।

अाव जहाँ यथा समय खेतों के लिये धनराशि एकत्रित करोगे वहाँ जल-नहर का जीर्णोद्धार भी किया जाना चाहिये ।

उपर्युक्त वर्णित किये गये तीन गाँवों को छोड़कर अन्य दूसरे गाँवों के निवासी नहर के जल को कहीं भी प्रयुक्त नहीं करेंगे । इस आज्ञा की चिर स्थिति के लिये यह शिलापट्टक शासन (शिलालेख) प्रदान किया गया है । इस प्रकार जानने वालों के द्वारा, किन्हीं अन्यों के द्वारा इस आज्ञा की अन्यथा नहीं की जानी चाहिये । जो इस आज्ञा का अतिक्रमण करके नहर के जल को अन्यत्र अपवर्तित करता है तो उसे निश्चित रूप से दण्ड दिया जायेगा । भावी राजाओं के द्वारा तथा परम्परागत राजकीय कृपापात्रों के द्वारा भी इस आज्ञा का पालन होना चाहिये । और यहाँ बगीचे का निम्नलिखित क्षेत्र प्रदान किया जाता है—थम्बूग्राम के दक्षिणी किनारे से आरम्भ होकर, पूर्व में बगीचे का क्षेत्र मास २, नहर के पश्चिमी प्रदेश में मा — — — — मन्दिर के पूर्व में मा ४, मूलवाटिका नामक ग्राम के उत्तर में अशिङ्को प्रदेश में मा ८ — — — प्रदेश में मा । गाङ्शुल् ग्राम के पश्चिम में कडम्प्रिङ् प्रदेश में मा ४, कङ्कुलम् प्रदेश में मा ४ । यह हमारी स्वयं आज्ञा है । संवत् ४८ कार्तिक शुक्ल द्वितीया । यहाँ दूतक हैं युवराज श्री विष्णुगुप्त ।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

LI

माल्टार शिलालेख

संवत् ४६ (४६+५८८=६३७)

यह ४५ सैं० मी० शिलालेख थानकोट जिले के बलम्बू नामक ग्राम के पश्चिम में तीन मील की दूरी पर माल्टार नामक स्थान पर स्थित है। शिला के ऊपरी भाग में चित्रित ग्राकृतियाँ प्राय: मिट चुकी हैं।

१. स्वस्ति मानगृहा — — — — — — — — — — — — — —
— — — — — — — — लिच्छविकु —
२. ल] केतुर्भट्टारकमहाराज श्री ध्रुवदेव — — — — — — — — — —
— —यासन्निवेशवि—-
३. — — — — यितसु — सदनुवि — — — — — —[कैलास-
कूट भ] – वनाद् विशुद्धपुण्य
४. ⏑– तच्चित्तसन्ततिः पराकृतापाय ⏑– = ⏑– = ⏑– = ।
⏑– = ⏑– धर्मस्थितिपूतशासन[:]
५. समस्त = = ⏑= = ⏑– = ⏑– = ॥
[भगवत् पशुपतिभट्टार]क पादानुगृहीतो ब–
६. प्पापादानुध्या[तः श्रीजिष्णुगुप्तः कुशली] — — — — —
वृत्तिभुजः तदधिकृताश्चय
७. — — — शल — — — — — — — — — — — —
— — — — —
भवतां माग्वलग्रामकुटु–
८. — — — — — — — — — — — — — — — — —
— — — — — — —
पभुज्यमानम् अस्माभिः
९. — — — — — — — — — — — — — — — — —
— — — — — — — प — राय पातिताम् प्रणालीम्
१०. — — — — — — तः ख — — — —क्षि — — — —

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

— — — प्रवेशेन माग् — वल् ग्रामपाञ्चा — — —

३१. — — — — — प्रसाद — — — — विदित— — — —
— — वा न कैश्चिदस्मत्प्रसा-

१२. [द] — — — — — — यो — — — — — — — —
— स्म [दाज्ञाम्] विलङ्घ्यान्यथा त्वमापादयेत् तद्

१३. — — — — — — — — — — — — — — — —
— — — — —भवितारस्तैरपि पूर्वं-

१४. —गुरु — — — — — — — — — — — — — — —
— — — — नुमोदनानुपालनीया

१५. म अवश्य — — — — — — — — — — — — —
— — — — — न — य ॥
संवत् ४०६

१६. [मा]घकृष्ण दशम्याम् दूतक — — — — — — युवराज विष्णु
गुप्तः इति ।

मानगृह से सबका कल्याण हो । लिच्छविकुल की पताका भट्टारक महाराज श्री ध्रुवदेव — — — — के — निकट रहने वाला — — में — — — सच्चाई पूर्वक — कैलाशकूट भवन से विशुद्ध पुण्य — — — चित्तवाली सन्तान, दूसरे के अनुपकार को भुलाकर — — धर्म की स्थिति एवं रक्षा के लिये पवित्र शासन वाला समस्त (प्रजा के द्वारा प्रशंसनीय) भगवत् पशुपति भट्टारक के पद से अनुगृहीत, बप्पा के चरणों का ध्यान करने वाले श्री जिष्णुगुप्त कुशलतापूर्वक वृत्तिभोगियों एवं अधिकारियों को (कुशलता पूछकर आज्ञा प्रदान करते हैं कि) आपके माग्वल ग्राम के निवासियों और वृत्तिभोगियों के (परोपकार) के लिये जल-नहर (प्रणालीम्) को गिराया गया है । — — — के प्रवेश का निषेध किया गया है । माग्वल् ग्राम के पाञ्चालिकों — — कृपा । जानने वालों के द्वारा अथवा अन्यों के द्वारा हमारी आज्ञा का उल्लङ्घन नहीं किया जाना चाहिये । जो हमारी आज्ञा का उल्लङ्घन करके प्रचारित करेगा तो (उसको दण्ड दिया जायेगा) भावी राजाओं एवं (परम्परागत राजकीय कृपापात्रों द्वारा) इस आज्ञा का अनुमोदन एवं पालन अवश्य होना चाहिये । संवत् ४६ माघ कृष्ण दशमी । यहाँ दूतक हैं युवराज विष्णुगुप्त ।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

Inscription LI.

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

LII

मीननारायणमन्दिरपुण्यव्यवस्थाभिलेख

सन् लगभग ६३८

४५ सैं० मी० चौड़ा शिलालेख कठमण्डू के भैरव ढोका नामक विष्णु मन्दिर के निकट स्थित है। शिला का ऊपरी भाग एक चक्र तथा दो शङ्खों से सुसज्जित है।

१. श्रो३म् देवा = = ⏓ = = ⏓ ⏓ ⏓ ⏓ ⏓ ⏓ =
वञ्चितो = ⏓ त्मापौरस्त्यम् य ⏓ =

२. = ⏓ भिमुख ⏓ ⏓ = = ⏓ — = ⏓ रादिम् (।)
एतच्चान्यत्रिह्लस् त्वयि परवश=

३. = ⏓ : नीयो ⏓ = = = = = = = ⏓ लैर् वः
स्वकरमपहरन्त्य [ढिध] जा सेश्वरा श्रीः (;।)

४. स्वस्ति मानगृ[हा] — — — — — दितचित्तसन्तति लिच्छवि
कुलकेतुर्भट्टारक–

५. राज श्री ध्रुवदेव पुरस्सरः (पुरस्सरे) सकलजननिरूपद्रवोपायसंवि-
धानार्पित [मा]

६. नसः कैलासकूट भवनाद् भगवत्पशुपति भट्टारकपादानुगृहीतो
बप्प—

७. पादानुध्यातः श्रीजिष्णुगुप्तः कुशली दक्षिणकोलीग्रामे गीटापाञ्चा-
लिका—

८. — — — — गान् कुशलेनाभाष्य समनुदर्शयति विदितं भवतु
भवतां — —

९. = = = ⏓ स = ⏓ = ⏓ ⏓ विधिज्ञानाद् उपासायति
रूपेणानुपमो गुणी

१०. ⏓ ⏓ ⏓ = = = ⏓ = = ⏓ = ।
इत्येवं प्रथितोऽपि यःप्रियहितं प्रत्याद=

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

११. ⏑ ‿ ⏑ ⏑ ⏑ ⏑ ‿ ‿ ⏑ ‿ ⏑ बलवतः शत्रून् बभंज्ञ स्वयम् (।।) इत्थम् — —

१२. — — — ष्ठे — — — — — — — — स्मदनुमोदितेन तदात्वायति — —

१३. — --- — व्याप्रियमाणो — — — —नुग्रहप्रवृत्तचेतसा महासा[मन्त]

१४. — — — — देवेन यथायन्तिलमको भवतामन्येषाञ्चोपकारायाक — —

१५. — — — पिण्डकदशभागम् प्रत्याकलय्य भवद्भिरेवोपसंहर्त्तव्यः — —

१६. — — — लेश्वरस्वामिनः पूजा पाञ्चाली — भोजनञ्च दिवसनियमेन — —

१७. — य तिलमकप्रतिसंस्कारश्च कालानतिक्रमेणैव कार्य इत्येषो-

१८. ऽस्य पुण्याधिकारो व्यवस्था चास्मत् — प्रसादोपजीविभिरन्यैर्वा न कैश्चिद[प्य]

१९. न्यथा करणीया यः कश्चिदेताम् आज्ञाम् अतिलङ्घ्यान्यथा कुर्यात् कारयेद् वा

२०. — — — — — क्रमकृतोऽवश्यमेव दण्डोविधातव्यो येऽप्यस्म—

२१. — — — — संभविष्यन्ति तैरप्यात्मीयैव — — — धिकारेऽस्मत्कृतन्न

२२. — — — — — स्य रक्षायामनुपालने च — — — — हितैर्भवि[तव्यम्]

२३. — — — स्य देव — — — — — — — — — — —

२४. — — त्र इति — —

ओ३म् देव — — वञ्चित — — प्रजागण — — — सृष्टि का आदि स्वरूप है। अन्य तीन लोक तेरे में आश्रित हैं। अपने कर से सागर की पुत्री लक्ष्मी (श्री) अपने स्वामी के साथ रक्षा करें।

मानगृह से सबका कल्याण हो (पुण्य, शुद्ध) एवं प्रमुदित चित्तवाली सन्तान, लिच्छवि कुल की पताका भट्टारक महाराज श्री ध्रुवदेव के सम्मुख

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

सम्पूर्ण प्रजा को संकटों एवं उपद्रवों से रहित करने के उपायों एवं समाधानों में अपने मन को समर्पित करके रखने वाले, कैलासकूट भवन से भगवत् पशुपति भट्टारक की चरण-कृपा प्राप्त, बप्प के चरण का ध्यान करने वाले श्री जिष्णुगुप्त कुशलतापूर्वक — — दक्षिण कोली नामक ग्राम में गीटा पाञ्चालिका नामक स्थान पर गये हुए निवासियों को कुशलता पूछकर निर्देश देते हैं कि जैसे आप सबको विदित है कि—अपने प्रशासनिक विधि ज्ञान से सफलता प्राप्त करने वाला है, रूप में अनुपम एवं सर्वगुण सम्पन्न है, ऐसा प्रसिद्ध एवं राज्य विस्तार का स्वामी होते हुए भी जो प्रजा को प्रिय लगने वाले कल्याण को करने वाला है। बलवान शत्रुओं को अपनी इच्छा शक्ति से भङ्ग करने वाला है जैसा कि हमारे द्वारा अनुमोदित तथा हमारी कृपा से प्रवृत्त चित्त वाले महासामन्त श्री जीवदेव आपके और अन्यों के कल्याण के लिये इस नहर को लाये थे — — — — पिण्डक के दश भाग गिनकर आपको एकत्रित करने चाहिये।

उस धन से प्रतिदिन नियमपूर्वक — — — लेश्वर स्वामी की पूजा की जानी चाहिये और पाञ्चालिकों को भोजन दिया जाना चाहिये। साथ ही पूर्णविधि समाप्त होने से पहले ही नहर का जीर्णोद्धार भी किया जाना चाहिये। इस प्रकार यह इसकी पुण्याधिकार व्यवस्था है। इस प्रकार हमारी आज्ञा का हमारे चरणोपजीवियों द्वारा, अन्यों के द्वारा, अथवा किन्हीं के द्वारा भी अतिक्रमण नहीं किया जाना चाहिये। जो भी इस आज्ञा का उल्लङ्घन करेगा या करायेगा उसे अवश्य ही दण्ड दिया जायेगा। जो भी अपने होंगे उनके द्वारा भी हमारे अधिकार पूर्ण आज्ञा की रक्षा एवं अनुपालन होना चाहिये।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

LIII

आदेश्वर-नाथेश्वरप्रतिष्ठानाज्ञा-शिलालेख

सन् लगभग ६३८ ई०

लगभग ५० सैं० मी० चौड़ा शिलालेख काठमाण्डू के निकट भगवान आदेश्वर के मन्दिर में स्थित हैं। शिलालेख का ऊपरी भाग बैल की आकृति से विभूषित है।

१. स्वस्ति मानगृहात् अनेकदिगन्तरप्रथित—पृथुपराक्रमो लिच्छविकुशला-लङ्कारभूतो भट्टार–

२. कमहाराज श्री ध्रुवदेवस्तत्पुरस्सरः कैलासकूटभवनादसुलभनृपति-गुणावभासि—

३. तसकलमहीमण्डलो भगवत्पशुपतिभट्टारकपादानुगृहीतो बप्पपादा-नुध्यातः

४. श्रीजिष्णुगुप्तः कुशली छोगुम्यूबीसामातलञ्जू—ग्रामेषु निवासम् उप-गतान् कुटुम्बिनः प्रधानपु-

५. रस्सरान् कुशलेना [भा]ष्य समाज्ञापयति विदितं भवतु भवतां राजा-पुत्रनन्दवर्मणा

६. स्वपितृराजपुत्रजिष्णुवर्मणो मातुर्वत्सदेव्या भ्रातृणाञ्च श्री भीमवर्म प्रभृतीनां स्व—

७. र्लोकसुखोपभोगपरम्पराविच्छेदहेतोर्भगवतो नाथेश्वरस्य प्रतिष्ठानं यद् तद् अस्यै

८. व प्रतिपादनाय विज्ञप्तैरसा — —सलञ्जुग्रामेषु— — — — — — दक्षिणपश्चिमोत्तरा—

९. णामति सृ[ष्टे] न — — य — स — खश · — को —

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

१०. टृङ् कृत्वा प्रति [पा]दित — — — — — — — भि — — —
— — — — — — — परिपालनीय —

११. — — — त्र पा — — त्र — — — — — — — — —
— — — — — — — — — — — — — — — — —

१२. प्रत — प्रतिप — — — — — — — — — — — —
ञ्च — — क्षपयैरति — — — —

१३. — विपाक — — — — — — — — — — —
— — — त् तदनुष् — — र्ह — ति — — यमोऽस्य

१४. — — — — — — — — — — — — — — — —
— — [दूतक]श्चात्र युवराज श्रीविष्णुगुप्त इति ।

मानगृह से सबका कल्याण हो। अनेक दिशाओं में व्याप्त व्यापक पराक्रम वाले लिच्छविकुल के भूषण भट्टारक महाराज श्री ध्रुवदेव के सम्मुख कैलाशकूट भवन से सम्पूर्ण पृथ्वीमण्डल पर सभी राजसुलभ गुणों से उद्भासित, भगवान पशुपति भट्टारक की चरण-कृपा प्राप्त, बप्प के चरण का ध्यान करने वाले श्री विष्णुगुप्त कुशलतापूर्वक छोगुम्यूबीसा, मातलञ्जू ग्रामों में निवास के लिये गये हुए कुटुम्बियों एवं प्रधानों के सम्मुख कुशलता पूछकर आज्ञा प्रदान करते हैं कि—"आप सबको विदित हो कि राजपुत्र नन्दवर्मा ने अपने पिता राजपुत्र जिष्णुवर्मा तथा माता वत्सदेवी, भाइयों के, और श्री भीमवर्मा के स्वर्गलोकीय सुखोपभोग परम्परा की अक्षुण्णता के लिये भगवान् नाथेश्वर की स्थापना की। इसके प्रतिपादन (संचालन) के लिये विज्ञप्ति को प्रमाणित किया है—तलञ्जुग्राम में — — — उत्तरपश्चिम की ओर पहाड़ियों का झरना, — — — इस क्षेत्र के अन्तर्गत हमने एक कोट्ट (दुर्ग) निर्मित किया है, उसकी देखभाल आपके द्वारा की जानी चाहिये — — — यहाँ दूतक हैं युवराज श्रीजिष्णुगुप्त ।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

LIV

कारणपूजादि व्यवस्थाज्ञा शिलालेख

सन् लगभग ६३९ ई०

लगभग ४३ सैं० मी० चौड़ा शिलालेख केवलपुर गाँव के निकट पश्चिम की ओर स्थित है। शिला का ऊपरी भाग बैल की आकृति से सुशोभित है।

१. ओ३म् स्वस्ति मानगृहात् सकलसंत्त्वानुग्रहाहितमनोनिरभिमान-
२. रमणीय चरित लिच्छवि कुलकेतुर्भट्टारकमहाराजश्रीध्रुव-
३. देवपुरस्सरः प्रजाहितोद्युक्तविशुद्धमानसः प्रभावशौर्यप्र-
४. णतारिमण्डलः (।)
गुणैरुपेतोऽनुपमैरिहात्मवान् पृ० . — — — —
५. म् अपि चन्द्रमा इव ॥
सोऽयम् इत्थंभूतः कैलासकूटभवनात् भगव—
६. त् पशुपतिभट्टारकपादानुगृहीतो बप्पपादानुध्यातः श्रीजिष्णु-
७. गुप्तः कुशली नुप्पुन्नद्रङ्गनिवासिनः प्रधानपुरस्सरान् कुटुम्बिनः
८. कुशलाग्रेसरम् समाज्ञापयति विदितम् अस्तु वो भट्टारक महाराज
९. श्री वसुराज श्रीमहीदेव श्रीमानदेव श्रीगणदेवास्मत्पितामह श्री
१०. भूमगुप्त इत्येतैः पूर्वराजभिरस्मद्गुरुभिः परानुग्रह प्र-
११. वृत्तितया शिलापट्टकशा [सनद्धि] तयेन वो यः प्रसादविशे[षे]
१२. रनुग्रहः कृतोभूद्वा — — — — — निदद्वादशभागवस्तुतोया-
१३. नि प्रसादीकृतानि कै[श्चि] — — — — — या राजभोग्यतां आपादितान्य-
१४. स्माभिर्भवत्साहाय्या-
दिकर्मपरितुष्टैः शतद्वयन्नुप्पुन्ने भगव—
१५. न्नारायणस्वामिनो भवद्भिरेव कारणपूजादिप्रवर्तनार्थम् प्रतिपा—
१६. दितम् दशशतानि भवतां एव पूर्वराजकृतव्यवस्थाया प्रतिमुच्य
१७. दङ्खुट्टाधादिकरणीयप्रतिमोचनार्थम् लिङ्गवलशोल्लादीनाम् अप्रवे-
१८. शाय पूर्वराजशासनेषु ये प्रसादास्तेषाम् सर्वेषामेव [युष्म-
१९. दतिसृष्टाणामनुमतिशासनमिदं अस्माभिरपि प्रसादी [कृत-

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

PLATE LIII

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

२०. मेवम् वेदिभिर्भवद्भिरस्मत्प्रसादप्रतिबद्धजीवनैरन्यैर्वा [न कैश्चि]—
२१ दियम् आज्ञान्यथा करणीया यस्त्वेतामाज्ञामुत्क्र[म्या]न्यथा करि]—
२२. ष्यते कारयिष्यते वा तस्योत्पथ [गामिनः] — — — — — —
— — —
२३. — — पा . वि — — — ये — — — — — — — —
— — — — — — —

ओ३म् मानगृह से सबका कल्याण हो। समस्त प्राणियों के प्रति अनुकम्पा एवं कल्याण से परिपूर्ण मन वाले, निरभिमान तथा रमणीय चरित्र वाले, लिच्छविकुल के ध्वज, भट्टारक महाराज, श्री ध्रुवदेव के सम्मुख जो प्रजा के हित में विशुद्ध मन से लगे हुए हैं, जिसके शौर्य-प्रभाव से समस्त अरि-मण्डल नतमस्तक हो जाता है, अनुपम गुणों को प्राप्त करने के कारण पृथ्वीमण्डल पर मानो चन्द्रमा के समान हैं।

वही यह इस प्रकार होकर कैलासकूट भवन से भगवत् पशुपति भट्टारक की चरण-कृपा प्राप्त, बप्प के चरणों का ध्यान करने वाले जिष्णुगुप्त कुशलतापूर्वक नुप्पुन्नद्रङ्ग निवासियों, प्रधानों एवं कुटुम्बियों के सम्मुख कुशलता पूछने के पश्चात् यह आज्ञा प्रदान करते हैं कि आप सबको ज्ञात हो कि भट्टारक महाराज श्री वसुदेव, श्रीमहीदेव, श्रीमानदेव, श्रीगणदेव, और हमारे पितामह श्री भूमगुप्त इन सभी पूर्वराजाओं, हमारे गुरुजनों ने दूसरों के लिये कल्याणकारी प्रवृत्ति के द्वारा आज्ञा को शिलापट्ट पर लिखवाया। इस प्रकार आप लोगों पर हमने विशेष कृपा एवं अनुग्रह किया है।

हमने आपको १२ वस्तुएँ देकर अनुग्रह किया है। किन्हीं कारणों से राजकीय परिवार अधीनस्थ हो गया था किन्तु आपके सहायतापूर्ण कार्यों से हम प्रसन्न होकर आपके द्वारा प्रतिपादित नारायणस्वामी की दैनिक कारणपूजा के लिये नुप्पुन्न के द्रङ्ग में २०० प्रदान करते हैं। पूर्वराजाओं द्वारा निर्मित व्यवस्था के अनुसार ही दङ्खुट्टार्ध आदि १०००, देय करों से मुक्त करने के लिये लिङ्गवल् और शोल्ला अधिकरणों के प्रवेश को पूर्वराजशासनों द्वारा निषिद्ध करके जो कृपाएँ की गई थीं उन सबकी ही पुनः स्थापना की स्वीकृति हमारे द्वारा दी जाकर कृपा की जाती है। इस प्रकार आप लोगों के द्वारा हमारे प्रसादोपजीवियों के द्वारा, अन्यों के द्वारा इस आज्ञा का अतिक्रमण नहीं किया जाना चाहिये। जो इस आज्ञा का अतिक्रमण करेगा या करायेगा उस विपथगामी को अवश्य दण्ड दिया जायेगा।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

LV

करमुक्ति इन्द्रमटी अभिलेख

संवत् ५५ (५५ + ५८८ = ६४३ ई०)

लगभग ४३ सैं० मी० चौड़ा यह शिलालेख बलम्बू ग्राम के उत्तर में महालक्ष्मी पीठशरण-स्थल के खण्डहरों के निकट इन्द्रमती नदी के दाहिने तट पर स्थित है। शिला का ऊपरी भाग खण्डित है।

१. [ओ३म् स्वस्ति मानगृहा] — — — — — — — नो नयना-भिरामों
२. [लिच्छवि] कुलकेतुर्भट्टारकमहाराज श्रीभीमार्जुन-
३ [देवस्त] त्पुरस्सरः कैलासकूटभवनाद् अभिमत पु-
४. [ण्य] — — — — य — — लक्ष्मीपरिष्वङ्गो भगवत् पशुप—
५. तिभट्टारकपादानुगृहीतो बप्पपादानुध्यातः श्रीजि-
६. ष्णुगुप्तः कुशली जीनुङ् वृत्तिभुजो दिग्वारवृत्तिभुजश्च य—
७ थार्हम् (यथार्थम्) प्रतिमान्यानुदर्शयति विदितं भवतु भवता—
८. मस्माभिर्जोल्प्रिङ्ग्रामे स्वादुशुचिशीतलसलिलास्रा[1]
९. वजनिकीम् पातयित्वा प्रणालीमस्या एवानुपालनहेतोः जीनु[ङ्]
१०. — मास — — — — ङ् कारयित्वा स — ण्डुदेवकुलद्दिग्वार-वस्तु स—
११. हि [त] जोल्प्रिङ्ग्रामपाञ्चालिकानां तैलकरम् प्रतिमुच्य प्रसादीकृतम्
१२. तास्याश्च जीनुङ् वृत्तेः सीमापश्चिमेन ह्लाशुम्मार्गखातकः उत्तरे
१३. ण तै ० ओस्थणम् दक्षिणखातकः । पूर्वेण नितिदुल् दक्षिणेन कंशु—
१४. शानखातकः । ततः स — — — — — — — — कैत्येत-त्सीमपरिक्षि
१५. प्तायाम् भूमावस्मत् —
प्रसादोपजीविभिरन्यै] र्वा न कैश्चिदत्यल्पापि पी[डा]

---

१. वृत्त्यनुप्रासालङ्कार

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

१६. करणीया येत्वेताम् आ[ज्ञामुल्ल]ङ्घ्यान्यथा कुर्युः कारयेयु-
१७. र्वा तानत्यर्थंमेव वयन्न मर्ष[यिष्यामो भवि] ष्यद्भिरपि भूपतिभिः
१८. पूर्वंभूपतिधर्माधिकारानुपालनादृतैर्भवितव्यं चिरकालस्थित-
१९. ये चास्य धर्माधिकारस्य शिलापट्टकशासनमिदम् दत्तमिति स्वयमाज्ञा
२०. दूतकश्चात्र युवराज श्रीविष्णुगुप्तः संवत् ५०५ आश्वयुजशुक्ल-
पञ्चम्याम् ।

ओ३म् मानगृह से सबका कल्याण हो। नयनाभिराम लिच्छविकुल की पताका भट्टारक महाराज श्री भीमार्जुन देव के सम्मुख कैलासकूट भवन से इच्छित पुण्य युक्त लक्ष्मी से आलिङ्गन करते हुए भगवत् पशुपति भट्टारक की चरण-कृपा प्राप्त, बप्प के चरणों का ध्यान करने वाले श्री जिष्णुगुप्त कुशलतापूर्वक जीनुङ् तथा दिग्वार ग्रामों के वृत्ति भोगियों के प्रति यथायोग्य सम्मान प्रदर्शित करते हुए कहते हैं कि आप सबको विदित हो कि हमने जोलिप्रन् ग्राम में स्वादिष्ट, पवित्र, शीतल जल को प्रवाहित करने वाली नाली को बनवाया है जिसके पोषण के लिये जीनुङ् ग्राम में देवदार के बगीचे का निर्माण किया है — — करके खण्डुदेवकुल तथा दिग्वार वस्तु के साथ जोलिप्रङ् ग्राम के पाञ्चालिकों को तैल कर से मुक्त करके कृपा की है।

उसका और जुतुङ् ग्राम की आजीविका की सीमा है—

पश्चिम से ह्लाशुम्मार्ग की खन्दक, उत्तर से ओस्थरणम् दक्षिण की खन्दक। पूर्व से निविदुल् दक्षिण से, कंशुशान खन्दक। उसके पश्चात् — — — — उस सीमा में आई हुई भूमि में — — — — हमारे प्रसादोपजीवियों द्वारा अन्य दूसरों के भी द्वारा थोड़ी सी भी पीड़ा नही दी जानी चाहिये। जो इस आज्ञा का उल्लङ्घन करेंगे या करायेंगे, उनको हम सहन नहीं करेंगे। भावी राजाओं के द्वारा तथा उत्तराधिकारी राजाओं द्वारा इस धर्माधिकार (धर्मादेश) का पालन आदर के साथ किया जाना चाहिये और इस धर्माधिकार की चिरस्थिति के लिये, यह शिलापट्टक शासन दिया गया है, यह स्वयं हमारी आज्ञा है। दूतक हैं यहाँ युवराज श्री विष्णुगुप्त। संवत् ५५ आश्विन् शुक्ल पञ्चमी।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

LVI

थानकोट पुष्करिणीदानाज्ञाकरनिर्धारण शिलालेख

संवत् ५६ (सन् ५६+५८८=६४७)

लगभग ४३ सैं० मी० चौड़ा यह शिलालेख थानकोट नामक ग्राम में स्थित है। शिला का ऊपरी भाग एक चक्र तथा दो शङ्खों की आकृतियों से सुशोभित है।

१. ओ३म् तर्ज[1] = कर्णकण्ठ ⏑ - प ⏑ - ⏑ - हसुखोन्मीलिता = ⏑ = = =[2]
२. श्री निःस्वङ्गोपगूढस्तनकलशयुगस्याग = = ⏑ = = (।)[3]
३. = = = = स्थित[4] = ⏑ - ⏑ - जलधिजलक्षालिताङ्गस्य शौ=[5]
४. = = त्पर्य[6] ⏑ - = = स्थगितसुखगतिश्रेयसाम् जृंभितं वः ।।
५. स्वस्ति मानगृहात् सिंहासनाध्यासिकुलकेतुभट्टारक श्रीभीमा[र्जु]
६. नदेवस्[7] (श्रीमनदेवस्) तत्पुरस्सरः कैलासकूटभवनात् सोमान्वय-भूषणो
७. भगवत् पशुपति भट्टारक पादानुगृहीतो बप्पपादानुध्यातः श्री

---

१. स्रग्धरा छन्द
२. L. आज्ञानाकर्णकण्ठ ⏑ ⏑ ⏑ ⏑ ⏑ सुखे, ई. इ = - ⏑ - = ।।
३. L. युगसागरो - ⏑ - - ।
४. L. omits स्थित
५ L. ङ्गस्य गोप ।।
६. L. omits त्पर्य
७. L. श्रीमानदेवस् ।।

८ जिष्णुगुप्तदेवः कुशली — ञ्चेग्राम[८] निवासिनः कुटु—

९ म्बिनो यथाप्रधानं[९] कुशलमाभाष्य समाज्ञापयति विदितं भवतु भवतां

१०. = = ज्येष्ठप्रपितामह[१०] मानगुप्तगोमिकारित पुष्करिणीम् उ –

११. द्दिश्य[११] ग्रामस्योत्तरेण पार्त्रतभूमिश्चोम्पिर नामधेयनैल्यकर[म्][१२]

१२. प्रतिनुचय दत्ता तस्याश्च काशान्तरेण शासनान्तर्भाविमभूत त—

१३. [द वे]त्य[१३] प्रपितामह कृतज्ञतयास्माभिरिदम् शिलापट्टकशास

१४. [नम्] दूरतरकालस्थितये दत्तं सीमा चास्य उत्तरपूर्वेण पुर्वे—

१५. ण[१४] (L. उत्तरपूर्वम् अपूर्वमु) शिखरोपर्यधोगोमिखातकं अनुसृत्य पश्चापानीय

१६. पातः[१५] (पञ्चापानीयमतः) पूर्वंदक्षिणेन येव्रंखरो दक्षिणेन थम्मि-दुल्[१६] ततोऽनुसुत्य

१७. दक्षिणेनैव सुरिसिंवत्ती[१७] दक्षिणेन नदीदक्षिणपश्चिमेन श[१८]

२८. लङ्का पश्चिमेन खातकस्ततोऽनुसृत्य पहञ्चा ततो लुम्बञ्चो[१९] उत्तरे—

१९. ण तत्पर्वत[२०] (तु पर्वत) शिखमूर्धनि खातकस्ततो यावत् स एवोत्तर[२१] (सववोत्तर) पूर्व—

---

८. L. काचण्णास्त

९. L. यथा — न ॥

१०. L. अद्य स्वप्रपितामह

११. L. पुष्किरिणीम्

१२. L. चाखरम् नाम याचेलक

१३. L. कालान्तरे तद् उड्मस्त्यत्त . त्य ॥

१४. L. उत्तरपूर्वम् आपूर्वम्

१५. पञ्चपानीयम् अतः ॥

१६. धरिदमदुल

१७. वास्तारिसिंवत्ती

१८. L. ई

१९. L. लम्पञ्चो

२०. तु पर्वत

२१. सववोत्तर

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

२०. खातक इति[२२] अन्यश्चास्मभिः प्रयोजनान्तराधितैर्भवताम्[२३] ग्राम-
२१. निवासिनाम् कुटुम्विनाम् प्रसादविशेषो दत्तो दक्षिणकोलिग्रा[मे][२४]
२२. गोयुद्धे गोहले गोहले यद्देयमासीत् तस्यार्द्धम् प्रतिमुक्तम् सिं-[२५]
२३. करे च येन कार्षापणन्देयम् तेनाष्टौ पणा देया येनाष्टौ
२४. पणा देयम् तेन पणचतुष्टयम् मल्लकरे च पणचतुष्ट-
२५. यम् देयमिति यस्त्वेताकाज्ञामुल्लङ्घ्या[२६] समत्प्रसादोपजी-
२६. व्यन्यो वा कश्चिदन्यथा कुर्यात् कारयेद् वा तं बयन्न म-
२७. र्षयिष्यामो भविष्यद्भिरपि भूपतिभिः पूर्वराज [कृ]
२८. ताज्ञतया[२७] धर्मापेक्षया चेदम् शासनम् प्रतिपालनी-
२९. यम् दूतकश्चात्र युवराज श्री विस्णुगुप्तः
३०. संवत् ५०९ — — — — शुक्ल दिवा द्वि [तीयायाम्][२८] ॥

ओ३म् तर्जनी उँगली से सुखपूर्वक नेत्रोन्मीलित होकर कर्ण एवं कण्ठ को स्पर्श करते हुए, युगल स्तन कलशों वाली लक्ष्मी का आलिङ्गन करने वाले, स्थिति, प्रलय के कर्त्ता — — — जलधि के जल से धुले हुए सरलता से अंगों को गुप्त करने वाले -- — — सुखों की गति को वश में करने वाले विष्णु भगवान् आप सब पर कल्याण का निश्वासन करें।

मानगृह से सबका कल्याण हो। सिंहासनारूढ़ कुलकेतु भट्टारक श्री भीमार्जुनदेव, श्रीमानदेव उनके सम्मुख कैलासकूट भवन से सोम के वंशजा-भूषण भगवत्पशुपति भट्टारक की चरण-कृपा प्राप्त, श्री बप्प के चरणों का ध्यान करने वाले जिष्णुगुप्त देव कुशलतापूर्वक — — -- — थैञ्चो ग्राम निवासियो, कुटुम्बियों, प्रधान मुख्यों से कुशल पूछकर यह सूचना देते हैं कि आप सबको विदित हो कि—ज्येष्ठ प्रपितामह मानगुप्त गोमी द्वारा बनाई गई इस पुष्करिणी (तलैया) को लक्ष्य करके ग्राम के उत्तर से चौम्पिर नामक

---

२२. L. ईति
२३. L. भवता
२४. L. ग्राम
२५. L. सिंह
२६. उल्लङ्घ्य
२७. कृतज्ञतया पूर्वराजाज्ञातया
२८. संवत् ५०० ?

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

पर्वतीय भूमि को (पुष्करिणी के लिये) स्वीकृत कर प्रदान की तथा ग्रामीणों को ऐल्यकर (चेलकर या वस्त्रकर) से मुक्त कर दिया गया है। इसलिये हमने यह शिलापट्टक शासन चिरकाल तक स्थिर रहने के लिये प्रदान किया, और उसकी स्थिति कालान्तर में भी मेरे शासन के पश्चात् विद्यमान रहे। इसकी सीमा होगी — उत्तर-पूर्व तथा पूर्व और पर्वत-शिखर के ऊपर नीचे गोमि नामक खाई के साथ साथ पश्चिम में पीने के जल-प्रपात तक, पूर्व-दक्षिण की तरफ येब्रम्खारो, दक्षिण से थमिदुल, इसके पश्चात् उसके साथ साथ दक्षिण से ही सुरिं सिंवत्ती दक्षिण की ओर एक नदी, दक्षिण-पश्चिम से शिङ्ला, पश्चिम से खाई तत्पश्चात् उसके साथ साथ पहांञ्चो तत्पश्चात् लुम्बन्चोक, उत्तर से वह पर्वत-शिखर के ऊपर की खाई, तत्पश्चात् वही, उसके पश्चात् उत्तर-पूर्व में खाई, ऐसा अन्य और हमारे भी अन्य प्रयोजन से, आप ग्रामनिवासी कुटुम्बियों की कृपा विशेष से प्रदान किया गया।

दक्षिण कोलिग्राम में, गोयुद्ध में तथा गोहल (कृषि भूमि) में जो कुछ कर के रूप में देय था उसका आधा छोड़ दिया गया है। सिकर के रूप में जो कार्षापण देता था उसे आठ पण देने होंगे, जो आठ पण देता था उसे चार पण देने होंगे, जो हमारा चरणोपजीवी अथवा अन्य इस आज्ञा का उल्लङ्घन करेगा या करायेगा, उसे हम सहन नहीं करेंगे। भावी राजागण, परम्परागत राजकीय कृपापात्र, धर्माधिकारी के द्वारा इस आज्ञा के पालन किये जाने की अपेक्षा की जाती है। यहाँ दूतक हैं युवराज श्रीविष्णुगुप्त संवत् ५९ शुक्ल दिव द्वितीया।

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

LVII

मालीगाँव माप्चोकाधिकार शिलालेख

संवत् ५९ (सन् ५९+५८८=६४७ ई०)

लगभग ३९ सैं० मी० चौड़ा यह शिलालेख मालीगाँव, काठमाण्डू नामक स्थान पर स्थित है। शिला का ऊपरी भाग एक चक्र एवं दो शङ्खों की आकृतियों से विभूषित है।

१. [ओ३म् स्वस्ति] कैलासकूट भ[वना] — — — — — — — — — — — — — — — —

२. — — — — — — वय —

९. — — मा — — — कारेण — — — — — — — — — — — — — — — —

१०. — — —व केवलम् इ — — भिः — — हित — — — — — — — — — — — —

१. — णे व्यवस्थेयमुपदा — त—रिप . य — — — ष्ठे प्रश्नवि — पति — पि —

१२. हृष्टेभ्यो योषितां अपरः पतिः इत्य — — मादि — : कारणैर-परै — — —

३३. रणान्तरैर्विवाहात् पतनकालं संग्रहं येनापरम् पतिमुपयाता नि—

१४. रपत्या योषितो ज्ञाति — — व . इ . इया — — — यदि परि भ्रश्यान्यत् पत्यन्तरम्

१५. उपाददत एवं द्वितीयं संग्रह [मुप] याता नि [ःपु] त्रवत्यो भविष्यन्ति तासु मा—

१६. प्चोकाधिकारो यं यथाव्यवस्थम् प्रवर्तयितव्यस्तास्वप्यतीतासु यूनी-सारूप्य

१७. कनू तन्नाम्ना परिभाषिताञ्च धनं तं माप्चोकवृत्तिभुजा ग्राह्यम् ततोऽपि पुरुषप—

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

१८. रितोषम् अभावयित्वा
बहुशोऽपि व्यपेत ~ लज्जाप्रखलस्वभावाश्चारित्रधर्मा ~ ~
१६. = युवत्यः (।)
सन्तोषहीनाः प्रथमे विरक्ता रागानुषक्ताः पुरुषं भजन्ते (॥)
२०. तापि यदि पुत्रवत्यो भविष्यन्ति नैव मापचोकाधिकारभागधेया
२१. यस्त्वेतामतीतानेकनरपतिकृतव्यवस्थानुगामिनीमस्मदव्यवस्थाम्
२२. अन्यथा कुर्यात् तम् वयमत्यर्थंन्न मर्षयिष्यामो भाविभिरपि भूपति-
भिरिदमस्म–
२३ त्कृतम् देशपीडापरिहारनिष्ठम् शासनम् आत्मीयम् इव पूर्वगुरुतया
२४. सम्यगनुपालनीयमिति समाज्ञापना संवत् ५०६ फाल्गुन शुक्ल
२५. सप्तम्याम् दूतकोऽत्र श्री युवराज श्रीधरगुप्तः ॥

कैलाशकूट भवन से सबका कल्याण हो। प्रथम पति के मृत होने पर या घर को छोड़कर चले जाने पर, पथ भ्रष्ट हो जाने पर अथवा बहुत वर्षों तक अदृश हो जाने से यदि पत्नी इन कारणों से अथवा अन्य दूसरे कारणों से अपना दूसरा पति वरण कर लेती है तो इस मामले में यदि वह दूसरे पति की रखैल बनकर, पथभ्रष्ट होकर निःसन्तान है तो इस स्थिति में माप्चोक विभाग उनकी सम्पत्ति को अपने अधिकार क्षेत्र में ग्रहण कर लेगा। यह सब कुछ जानते हुए भी यदि वे मठवासिनी (विरक्ता) के रूप में मृत्यु को प्राप्त होती है तो इस स्थिति में उनके नाम पर घोषित सम्पूर्ण धन-सम्पत्ति माप्चोक विभाग के अधिकार-क्षेत्र में आ जायेगी। तत्पश्चात् भी जो स्त्रियाँ बहुत से पुरुषों द्वारा सन्तुष्ट नहीं हैं, जो निर्लज्ज स्वभाव वाली हैं, चरित्र हीन एवं विधर्मा हैं, जो युवतियाँ प्रथम पुरुष से विरक्त होकर अपने प्रेमी पुरुष के साथ सहवास कर रति उपभोग करती हैं ऐसी स्त्रियाँ भी यदि सन्तान युक्त हैं तो माप्चोक विभाग उनकी सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं करेगा।

जो इस नियम के अतिरिक्त अन्य दूसरे राजाओं द्वारा बनाई गई व्यवस्था का अनुगामी हमारी व्यवस्था के विपरीत करता है या कराता है तो मैं उसे सहन नहीं करूँगा। होने वाले राजागण भी हमारे द्वारा विहित देश की पीड़ा विनाशक आज्ञा का अपने ही द्वारा बनाई गई आज्ञा के समान समझकर अथवा पूर्वज के द्वारा बनाई गई आज्ञा समझकर, इसी सम्मान से इसका सम्यक् पालन करेंगे। इस प्रकार की सूचना है। संवत् ५६ फाल्गुन शुक्ल सप्तमी। दूत यहाँ हैं श्री युवराज श्रीधर गुप्त।

१. उपजाति

CC-0. Agamnigam Digital Presevation Foundation, Chandigarh

LVIII

येंगाहिठि करमुक्ति शिलालेख

३६ सैं० मी० चौड़ा यह शिलालेख लागनटोले, काठमाण्डू के निकट येंगाहिठि नामक स्थान पर एक जल-प्रवाहिका में स्थित है। शिला का ऊपरी भाग एक एक चक्र तथा दो शङ्खों से सुसज्जित है। संवत् की तिथि लुप्त हो चुकी है।

